## खबर संक्षेप



### महापौर ने पेश किया बजट, बढ़ेगी आय

**कटनी।** नगर निगम परिषद की बैठक में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बजट पेश कर दिया। उन्होंने कहा कि यह लाभ का बजट है। तथा इससे निगम की आय बढ़ेगी। जानकारी के मुताबिक नगरपालिक निगम कटनी का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, (वित्त एवं लेखा) नियम - 2018 लेखा नियमावली के आधार पर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार बजट आय एवं व्यय की मदों में सात अंको का कोड दिया जाकर लेखा शीर्ष नियमावली के अनुसार कोड डाले गए है। तथा निगम की आय एवं व्यय को प्रमुख रूप से चार भागों में विभक्त किया गया है। (1) राजस्व आय (2) राजस्व व्यय (3) पूंजीगत प्राप्ति (4) पूंजीगत व्यय बजट में राजस्व आय रुपये 117 करोड़ 89 लाख 78 हजार अनुमानित है एवं राजस्व व्यय 107 करोड़ 83 लाख 66 हजार 280 रुपए अनुमानित है। इस प्रकार राजस्व व्यय पर आय का अधिक्य जिसे राजस्व बचत कहा जायेगा 10 करोड़ 6 हजार 11 हजार 720 रुपए एवं पूंजीगत प्राप्तियों रुपये 460 करोड़ 64 लाख 22 हजार होने का अनुमान है। जबकि पूंजीगत व्यय 470 करोड़ 66 लाख 37 हजार होने का अनुमान है। इस प्रकार आय पर व्यय का अधिक्य 10 करोड़ 2 लाख 15 हजार होने का अनुमान है। इसी प्रकार कुल राजस्व पूंजीगत प्राप्ति राशि 578 करोड़ 54 लाख एवं राजस्व एवं पूंजीगत व्यय राशि रुपये 578 करोड़ 50 लाख 3 हजार 280 रुपए अनुमानित है। कुल व्ययों पर आय का अधिक्य रुपये राशि 3 लाख 96 हजार 720 रुपए लाभ का बजट तैयार किया गया है। महापौर श्रीमती सूरी के द्वारा मुनाफे का बजट प्रस्तुत करते हुए शहर के सर्वांगीण विकास की अवधारणा रखी गई है।

### जहर का सेवन करने से दो युवकों की मौत

**कटनी।** जहर पीने से एक युवक की मौत हो गई है। मामला एनकेजे थाना अंतर्गत जुहला बाइपास की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार अप्पू कुशवाहा पिता ताराचंद कुशवाहा 22 निवासी कन्हवारा थाना कुठला की जहर पीने से मौत हो गई है। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार रोहित पिता राजकुमार दाहिया 21 निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा की जहर पीने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### ट्रेन की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** एक वृद्ध की ट्रेन की टक्कर लग जाने से मौत हो गई है। हादसा स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी-जबलपुर रेलखंड पर हुआ। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पोल नंबर 1058/08 डाउन लाइन ग्राम संसारपुर के पास संतराम कुशवाहा पिता स्व तुलीराम कुशवाहा 75 निवासी तेवरी थाना स्लीमनाबाद की ट्रेन के टक्कर लग जाने के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। हादसा बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पडरिया बस स्टैंड में हुआ। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मोनू चौधरी पिता कोमल चौधरी 25 निवासी ग्राम कुटेश्वर थाना बरही की हादसा होने के कारण गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### संयुक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जांच दल में डॉ मोहंती हैं शामिल

# डिस्चार्ज के अगले दिन प्रसूता की मौत, दस्तावेजों में कूटरचना का संदेह, 3 दिन में मांगा जांच प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद निवासी प्रसूता पिंकी हल्दकार की 13 जुलाई को अपरान्ह मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद में उपचार के दौरान हुई मृत्यु और जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ एस द्विवेदी द्वारा मृत प्रसूता को 12 जुलाई को जिला चिकित्सालय से किये गये डिस्चार्ज की परिस्थितियों के मामले की जांच हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद ने संयुक्त कलेक्टर संस्कृति मुदित लटौरिया की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच समिति गठित किया है। यह समिति तीन दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन सौंपेगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रसूता पिंकी हल्दकार की मृत्यु के उपरांत दस्तावेजों में कूट रचना की संभावना के मद्देनजर और खाली डिस्चार्ज स्लिप पर चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं प्रसूता के डिस्चार्ज के अगले दिवस ही अचानक मृत्यु हो जाने के मामले की जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर श्रीमती लटौरिया और जिला चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय कटनी डॉ0 डी0जे0 मोहन्ती का दल गठित किया है।

#### यह है मामला

स्लीमनाबाद निवासी प्रसूता पिंकी हल्दकार की 13 जुलाई को अपरान्ह प्रसव पीड़ा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद मे भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान पिंकी की मृत्यु हो गई। कलेक्टर ने मातृमृत्यु के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान मे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे को दस्तावेजों सहित आहूत किया।

#### बिना चिकित्सकीय टीप के किया डिस्चार्ज

इस मामले मे डॉ0 शिवम दुबे, से समक्ष में की गई पूछतांछ व प्रसूता श्रीमती पिंकी हल्दकार की जाँच के दस्तावेज का कलेक्टर ने अवलोकन कराया जिससे यह स्थिति सामने आई है कि प्रसूता को 11 जुलाई 2024 को उच्च रक्तचाप के कारण सी.एच.सी स्लीमनाबाद से जिला अस्पताल मे हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिये बने बर्थ वेट यूनिट रैफर किया गया था। प्रसूता को 12 जुलाई 2024 को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया व दस्तावेजों में जिला अस्पताल के डिस्चार्ज स्लिप पर बिना किसी चिकित्सकीय टीप के खाली स्लिप पर डॉ0 एस.द्विवेदी के हस्ताक्षर अंकित है। प्रसूता को पुनः 13 जुलाई 2024 को प्रसव पीड़ा के कारण अचानक अपरान्ह 1.15 पर सी.एच.सी. स्लीमनाबाद में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय प्रसूता का रक्तचाप अत्यधिक था व उनकी गंभीर स्थिति के कारण प्रसूता को जिला अस्पताल कटनी हेतु रैफर करने का सुझाव उनके पति सुशील हल्दकार को दिया गया। जिस पर प्रसूता के पति सुशील हल्दकार द्वारा यह लिखित में कथन दिया गया कि ''हम कटनी नहीं जायेंगे, कल ही हमें कटनी से छुट्टी दी गई और इसकी महिला की स्थिति को सही बताया गया। लेकिन यहाँ मेरी महिला का बी.पी. बढ़ा है और हालत गंभीर बताई जा रही है। मैं अपने मरीज को कटनी नहीं लेकर जाऊंगा वहां कोई नहीं सुनता''।

#### निकाली गई कॉल रिकार्डिंग

डॉ० शिवम द्विवेदी से विवेचना के दौरान पूछा गया कि डिस्चार्ज किस चिकित्सक द्वारा किया गया है। तब उनके द्वारा यह बताया गया कि इस प्रकरण पर उनकी चर्चा डॉ0 श्रध्दा द्विवेदी, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय कटनी से हुई व डॉ० शिवम दुबे के मोबाइल फोन की काल हिस्ट्री के अवलोकन से उनके वार्तालाप की आडियो रिकार्डिंग प्राप्त की गई। डॉ. शिवम दुबे व डॉ० श्रद्धा द्विवेदी के मध्य हुये वार्तालाप अनुसार डॉ0 शिवम दुबे द्वारा डिस्चार्ज स्लिप का पूरक हरे रंग का डिस्चार्ज पेपर खाली होने व नीचे डॉ0 एस0 द्विवेदी के साइन होने की जानकारी डॉ श्रध्दा द्विवेदी को दी गई। प्रसूता के स्लीमनाबाद लोकल की निवासी होने तथा उनके चाचा के जनपद सदस्य होने की जानकारी से भी डॉ0 श्रध्दा द्विवेदी को अवगत कराने पर डॉ श्रध्दा द्विवेदी द्वारा कहा गया कि क्या उनके स्टाफ में कोई है जो डिस्चार्ज पेपर पर कुछ लिख सके ? डॉ0 शिवम दुबे द्वारा उक्त कार्य में असमर्थता व्यक्त करने पर डॉ0 श्रध्दा द्विवेदी के द्वारा डॉ0 शिवम दुबे से कहा गया कि वे डिस्चार्ज पेपर अपने पास रखें और उनके संबंधियों (चाचा-जनपद सदस्य) तक जानकारी न पहुंचने दें।

#### मातृत्व मृत्यु की समीक्षा जरूरी

सभी दस्तावजों एवं वार्तालाप से प्रथम दृष्टया प्रसूता की मृत्यु उपरांत दस्तावेजों में कूट रचना करने के प्रयास की संभावना प्रतीत पाई गई। खाली डिस्चार्ज स्लिप पर चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं प्रसूता की डिस्चार्ज के अगले दिवस ही अचानक मृत्यु हो जाने पर कलेक्टर ने मातृत्व मृत्यु की समीक्षा को जरूरी माना। इसलिए कलेक्टर द्वारा जांच समिति गठित कर 3 दिन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गये।

### ओवरलोडिंग पर ट्रक चालक पर 60 हजार का जुर्माना

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में विगत 14 जुलाई को यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी के स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP13CB0417 को रोककर चेक किया गया। जिसमे वाहन ओवरलोड होना प्रतीत हुआ। वाहन का वजन करवाने पर वाहन 5 टन ओवर लोड पाया गया। उक्त वाहन के वाहन चालक जितेन्द्र कुशवाहा पिता चुन्नीलाल निवासी राजगढ़ व वाहन मालिक शारिक खान पिता चांद खान निवासी राजगढ़ के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113/194 ए के अन्तर्गत माननीय न्यायालय हेतु प्रकरण तैयार किया गया जिस पर 16 जुलाई को जिला न्यायालय कटनी द्वारा चालक व वाहन मालिक पर कुल 60 हजार रु का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। कार्रवाई में सूबेदार मोनिका खड़से, सउनि राजेश कोरी, आरक्षक अंकित आर्मो, दीपक चक्रवर्ती यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी जुहला बाईपास जिला कटनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**23 जुलाई को पालन प्रतिवेदन जमा करने किया निर्देशित**

## अवैध कॉलोनी के मामले में 15 दिन के भीतर निर्माण हटानें सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बरही तहसील के अवैध कालोनाईजर को अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए निर्मित की गई अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन एवं सभी प्रकार के निर्माण हटाने के लिए 15 दिनों का समय प्रदान करते हुए अंतिम सूचना पत्र जारी किया है। साथ ही 23 जुलाई की शाम 4 बजे कलेक्टर कोर्ट मे पालन प्रतिवेन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

कलेक्टर कोर्ट में प्रचलित बरही तहसील के बिना कालोनाईजर लाइसेंस एवं भूमि का डायवर्सन कराये बिना अवैध प्लाटिंग करते हुए खसरे मे दर्ज कृषि भूमि का पांच-पांच रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन कालोनाईजर आदर्श अग्रवाल पिता गंगा अग्रवाल द्वारा किया गया। कॉलोनाईजर बरही निवासी आदर्श अग्रवाल द्वारा ग्राम बरही पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा नंबर 1210/3/क रकवा 0.405 हेक्टेयर भूमि जो वर्ष 2021-22 में कृषि भूमि के तौर पर खसरे मे दर्ज है उसे बिना कॉलोनाईजर लाइसेंस प्राप्त किये भू-खंडों की ब्रिकी पांच व्यक्तियों को की गई। इसके लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इन्हे कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था।

कलेक्टर न्यायालय मे कलेक्टर ने इन मामले के तथ्यों का अवलोकन करने पर पाया कि कृषि भूमि को पृथक-पृथक भू-खंडों मे विभाजित कर भिन्न - भिन्न व्यक्तियों को विक्रय किया गया है। जिससे इस तथ्य का समाधान नहीं होता कि इन दोंनो अवैध कालोनाइजर द्वारा नगर पालिका अधिनियम के तहत ऐसे व्यक्तियों को जो इन भू-खंडो पर आवासीय अथवा गैर आवासीय या संयुक्त आवास का निर्माण कर बसने की इच्छा रखते है को भूमि का विक्रय नहीं किया है। इस मामलों मे एस.डी.एम विजयराघवगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विक्रय की गई भूमियो का उपयोग आवासीय प्रयोजन की दृष्टि से किया जा रहा है। बिना कालोनाइजर लायसेंस प्राप्त किये यह कृत्य नियमों और प्रावधान का उल्लंघन है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त मामले मे कॉलोनाइजर आदर्श अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किये गये कारण बताओ सूचना पत्र के जवाब को समाधानकारक नहीं पाया और निर्देशित किया है कि वे उल्लेखित खसरा नंबर में निर्मित की गई अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन एवं सभी प्रकार के निर्माण 15 दिवस के भीतर हटा लें। इस संबंध मे कलेक्टर न्यायालय कालोनाइजर को अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए 23 जुलाई की शाम 4 बजे कलेक्टर न्यायालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये है। वहीं इस मामले मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने तहसीलदार बरही उल्लेखित खसरा नंबरों की कैफियत के कॉलम नंबर 12 मे भूमि का अंतरण प्रतिशेध किया है और संबंधी प्रविष्टि दर्ज कर तहसीलदार बरही को 23 जुलाई के पहले पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है।

### नंदीश्वर महामण्डल विधान का शुभारंभ



1008 चन्द्रप्रभु दिग.जैन सिंघई मंदिर में नगर में चर्तुमास कर रही आर्यिका आर्यिका मां 105 भावनामति माताजी सएवं आर्यिका संघ के सानिध्य में नंदीश्वर महामण्डल विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ इस अवसर पर शांतिधारा अभिषेक करने का सौभाग्य प्रमोद कुमार कक्का,आशुतोष जैन, देव कुमार जैन, शास्त्री परिवार के साथ स.सि.शांतिकुमार स.सि.अनिल जैन, रमेशचंद भजन सागर, कोमलचंद जैन, के साथ अनेक श्रावक बन्धुओं को प्राप्त हुआ विधानकर्ता विजय कुमार विश्व के निर्देशन में विधान का शुभारंभ किया गया। पार्श्वनाथ दि.जैन बड़े मंदिर में दिग.जैन समाज पंचायत समिति तत्वाधान में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ आर्यिका संघ के आर्शीवाद एवं परम सानिध्य में प्रारंभ हुआ। विधानाचार्य रोहित जी शास्त्री के कुशल निर्देशन में सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

## महिला स्व सहायता समूह को राशन दुकान संचालन का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले मे महिला स्व सहायता समूहों द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को पी.ओ.एस. मशीन संबंधी जानकारी, उसके संचालन एवं प्रतिमाह आवंटित होने वाले खाद्यान्न की मांग एवं वितरण संबंधी प्रक्रिया तथा दुकान संचालन के संबंध में उनसे फीडबैक प्राप्त करने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मंगलवार 16 जुलाई को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं विक्रेताओं को नियत समय पर खाद्यान्न वितरण करने, परिवहनकर्ताओं से तौल का स्कंध प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही समूहों के लंबित कमीशन का भुगतान शीघ्र करने हेतु नागरिक आपूर्ति निगम कटनी को निर्देशित किया गया। दुकानों में तौल हेतु रखे गये इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का नापतौल विभाग से सत्यापन कराने, हितग्राहियों की ekyc a mobile seeding समयावधि में करने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वय श्री प्रमोद कुमार मिश्र, पियूष कुमार शुक्ल, नागरिक आपूर्ति निगम कटनी के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

**19 जुलाई को कचहरी चौक में होगा हवन पूजन का आयोजन**

## पूजन-हवन कर नदियों के सीमांकन के लिए जिला प्रशासन को जगाएँगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नदियों के सीमांकन की माँग के लिए किए गए जन आँदोलन का बढ़ता समर्थन देखकर जिला प्रशासन ने पाँच दिन के अंदर सीमांकन कार्य संपन्न करते हुए पंचनामा सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था किंतु दस दिन बीतने के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं होने से पर्यावरण मंच के माध्यम से कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, एसडीएम सभी को स्मरण पत्र दे दिया गया है।

इस आँदोलन के सूत्रधार कमलेश पटेल ने बताया कि विगत 05 जुलाई को एसडीएम ने जिन पाँच दिनों में सीमांकन कार्य संपन्न कराने की बात पत्र जारी करते हुए कही थी उस पाँच दिवस की अवधि में शहर में बारिश ही नहीं हुई जिससे कि सीमांकन के कार्य के दौरान नदी अथवा खेतों में अधिकारियों को घुसने में कोई समस्या हो। इस अनुकूल मौसम में भी सीमांकन कार्य संपन्न न होना आम जनता की समझ से परे है इसलिए व्यथित होकर आगामी 19 जुलाई को कचहरी चौराहे पर शंख,घंटा, हवन कर इत्यादि के माध्यम से जिला प्रशासन को जगाने का काम किया जा रहा है। आगे उन्होंने यह भी बताया कि यदि समय पर सीमांकन का कार्य संपन्न नहीं होता तो इस संबंध में मध्यप्रदेश हाइकोर्ट में याचिका भी दायर की जाएगी।

विदित है कि रपटा नदी,माई नदी,बाबा घाट,गुंडा घाट,कटनी नदी,दुगाड़ी नाला का सीमांकन कराकर भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने के लिए गत सप्ताह आठ जुलाई को शहर के मुख्य मार्गों से जन समर्थन के सहयोग से रैली निकाली गई थी और नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही साथ जिले के संबंधित अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री,नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सभी को पत्र प्रेषित किया गया था। अब जब सीमांकन के काम में हीलाहवाली देखी जा रही है तो पर्यावरण मंच के माध्यम से फिर जन आँदोलन खड़ा करके जिला प्रशासन को जगाने का काम किया जा रहा है।

### विधायक और कलेक्टर की मौजूदगी में भारत निर्माण कोचिंग का शुभारंभ

## कोचिंग से प्रतिभावान छात्रों को मिलेगा सुनहरा भविष्य गढ़नें का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बड़वारा के किसी भी प्रतिभावान युवा के स्वर्णिम भविष्य निर्माण की राह में आर्थिक कमजोरी या अन्य बाधाएं रोड़ा न बने, इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ की गई है। जिसका मंगलवार को बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय एवं कलेक्टर श्री अवि प्रसाद एवं स्लीमनाबद सरपंच श्रीमती संगीता महोबिया की मौजूदगी में उत्सवी माहौल के बीच फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया मौजूद रहे।

विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने कोचिंग शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित जनों को भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ करने के पीछे जिला प्रशासन और कलेक्टर श्री प्रसाद की नेक मंशा के बारे में उपस्थित युवाओं को जानकारी दी। विधायक श्री पाण्डे ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस स्वर्णिम अवसर का लाभ जरूर उठाएं और पूर्ण मनोयोग और लगन से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें ताकि वे अपना मनचाहा मुकाम हासिल कर सकें। अन्य अतिथिगणों ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया तथा सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मिलेगा अवसर

स्लीमनाबाद के युवाओ के लिए मंगलवार से प्रारंभ हुई भारत निर्माण कोचिंग के माध्यम से युवाओं को एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, इंस्पेक्टर, व्यापम जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की निः शुल्क तैयारी करने का स्वर्णिम अवसर मिल रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर शुरू कराई गई इस कोचिंग में प्रतिदिन सोमवार से शनिवार तक कक्षायें संचालित होंगी। जबकि रविवार को अवकाश रहेगा।

कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर स्लीमनाबाद मे महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से यहां के होनहार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास हेतु 137 युवा लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। कोचिंग हेतु मैरिट आधार पर चयनित 50 छात्र- छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों हेतु मंगलवार से कोचिंग कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो गया है।

साथ ही नोट्स, लाइब्रेरी, मासिक टेस्ट की सुविधा के साथ साथ आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों एवम् आवेदन भरने की जानकारी भी उन्हें कोचिंग के माध्यम से प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीय प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के डयरेक्टर अरविंद गुगालिया, वंदना गुगालिया, जयवंत सिंह गुगालिया, प्राचार्य स्लीमनाबाद कालेज सरिता पांण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं उत्साही छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## घायल मजदूर को अस्पताल में छोड़कर भागे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गंभीर रूप से घायल हो चुके एक 50 वर्षीय व्यक्ति को लेकर पुरैना क्षेत्र की फैक्ट्री में काम करने वाले कुछ लोग मंगलवार की शाम शासकीय जिला अस्पताल पहुंचे। मजदूर को गंभीर रूप से घायल अवस्था में छोड़कर अन्य कर्मचारी वहां से नौ दो ग्यारह हो गए। जब मजदूर के घायल होने का कारण वहां मौजूद फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों से पूछा तो वह गुमराह करते हुए हादसे का बहाना बनाने लगे। यहां तक की उन्होंने यह भी कह दिया कि जिस गाड़ी से उक्त मजदूर घायल हुआ है उस गाड़ी को कुठला पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस मामले को लेकर जब कुठला पुलिस से जानकारी ली गई तो पुलिस ने किसी भी तरह के हादसे की सूचना से साफ इंकार किया। जिस तरह घायल को भर्ती कराने पहुंचे लोग एक के बाद एक झूठ बोलते हुए गुमराह कर रहे थे उससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। चर्चा तो यह भी सामने आई है कि घायल पुरैना स्थित एक खीला बनाने की कंपनी में काम करता था। जहां पर काम करने के दौरान वह मशीन में फंस गया और उसका अंग पूरी तरह मशीन की चपेट में आ गया और वह लहुलुहान हो गया।

जानकारी के मुताबिक 50 वर्षीय लल्लन कुशवाहा पुरैना स्थित नामक खीला बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। दोपहर में लल्लन जब फैक्ट्री में मशीन पर काम कर रहा था इस दौरान वह काम करते हुए मशीन की चपेट में आ गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से मशीन में फंसकर घायल हो गया। मामला रफा दफा करने की तैयारी की जा रही है

**खबर संक्षेप**

## उत्कृष्ट अनुशंसाओं के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय समितियां गठित

**कटनी।** प्रदेश में वर्ष 2024 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की प्रक्रिया प्रचलन में है। प्रत्येक जिले से 3 उत्कृष्ट शिक्षकों की अनुशंसाएं 25 जुलाई 2024 तक भेजे जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिये गये हैं। उत्कृष्ट अनुशंसाओं के चयन के लिये जिला और राज्य स्तर पर चयन समितियां गठित की गई हैं। जिला स्तरीय चयन समिति में जिला शिक्षा अधिकारी को अध्यक्ष, जिला डाइट के प्राचार्य और प्रतिष्ठित शिक्षाविद को सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। शिक्षाविद की नियुक्ति कलेक्टर की अनुशंसा पर की गई है। राज्य स्तर पर भी चयन समिति सचिव स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित की गई है। अन्य सदस्यों में भारत सरकार के नामांकित प्रतिनिधि, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। राज्य स्तरीय समिति के सदस्य सचिव आयुक्त लोक शिक्षण बनाये गये हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया की समय सारणी तैयार की है। जिला स्तरीय चयन समिति 3 अनुशंसाएं 25 जुलाई तक राज्य स्तर पर भेज सकेंगे। राज्य स्तरीय चयन समिति ष्नेशनल ज्यूरीष नई दिल्ली को राज्य से 6 उत्कृष्ट शिक्षकों की अनुशंसाएं 4 अगस्त 2024 तक भेज सकेंगे। केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट शिक्षकों के चयन के लिये निर्धारित मापदंड की गाइड लाइन स्कूल शिक्षा विभाग को प्रेषित की है। गाइड लाइन स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।

## वेलकम डे में बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां

**कटनी।** सनशाइन अकादमी रायबाड़ा के स्कूल परिसर में छात्रों के लिए ' वेलकम डे ' का आयोजन किया। शिक्षकों द्वारा शानदार बातचीत के साथ छात्रों का स्वागत किया गया और स्कूल ने बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक शिक्षण गतिविधियों की व्यवस्था की थी। बच्चे स्कूल आकार बहुत खुश नज़र आए। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की आराधना करते हुए शुरू किया गया बच्चो का स्वागत विशेष प्रार्थना व वेलकम गीत के द्वारा किया गया। बच्चे स्कूल आकार बहुत खुश नज़र आए। बच्चो का स्वागत विशेष प्रार्थना व वेलकम गीत के द्वारा किया गया। लिटिल सनशाइनर्स के लिए तरह-तरह के गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया बच्चों को इतना उत्साहित और आनंदित देखकर शिक्षिकाओं को भी बड़ी प्रसन्नता हुई। साथ ही साथ स्कूल के सभी बच्चों को सरप्राइज गिफ्ट भी दिया गया। सभी आनंद करते हुए बच्चे बहुत खुश दिखाई दिए सभी शिक्षकों ने बच्चों का भरपूर उत्साहवर्धन कर उन्हें प्रोत्साहित किया बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्वल भविष्य की कामना की शिक्षिकाओ के सहयोग से ये कार्यक्रम सफलता से शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर स्कूल की वाईस प्रिंसिपल शबनम अख्तर की उपस्तिथि रही उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### किशोरी की शिकायत पर उसकी बड़ी मां व स्पा सेंटर संचालिका गिरफ्तार

# स्पा सेंटर में किशोरी को बेचा, हुआ दैहिक शोषण, 2 को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जबलपुर निवासी एक नाबालिग किशोरी से एक महीने तक कटनी के दो स्पा सेंटरों में जबरन देह व्यापार कराया गया। खास बात यह है कि किशोरी की बड़ी मां ने ही उसे कटनी लाकर महज कुछ रूपयों में स्पा सेंटर में बेच दिया था। इस दौरान कटनी के दो स्पा सेंटरों में किशोरी की आबरू लुटती रही। एक महीने बाद किशोरी किसी तरह स्पा सेंटर संचालकों के चंगुल से छूटकर जबलपुर पहुंची और घमापुर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई। घमापुर पुलिस ने जीरो पर एफआईआर दर्ज करते हुए केस डायरी रंगनाथ नगर पुलिस को भेज दी। इस मामले में पास्को एक्ट की धाराएं लगने के बाद केस डायरी पहले अजाक थाने और बाद में महिला पुलिस को दे दी गई। यह मामला अप्रैल का बताया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि इस मामले की केस डायरी अजाक थाने और बाद में महिला थाने में दबी रही लेकिन अब यह फाइल खुल गई है। महिला पुलिस ने अब एक्शन लिया है और जबलपुर से किशोरी की बड़ी मां एवं कटनी से ग्लैमर स्पा सेंटर की संचालिका को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### एक महीने तक लूटी आबरू

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों स्पा सेंटरों में जबलपुर निवासी एक नाबालिग किशोरी से 15-15 दिन तक देह व्यापार कराया गया। यह भी जानकारी मिली है कि किशोरी ने पुलिस को दी गई शिकायत में अपनी बड़ी मां जबलपुर निवासी पर देह व्यापार कराने के लिए बेचने का आरोप लगाया था। इस मामले में कटनी निवासी एक युवक का भी नाम सामने आया है, जिसने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया था। किशोरी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक दोनों ही स्पा सेंटरों में उससे 15-15 दिनों तक देह व्यापार कराया गया। किशोरी ने स्पा सेंटरों के चंगुल से छूटकर जबलपुर के घमापुर थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई। यहां जीरो पर कायमी होने के बाद केस डायरी रंगनाथ थाना पुलिस और बाद में अजाक थाने जांच के लिए मिली। अब महिला पुलिस ने इस मामले में एक्शन लिया है। पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब इस मामले ने न केवल स्पा सेंटरों में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है, बल्कि मानव तस्करी जैसे मामले को भी उजागर किया है।

बताया जाता है कि महिला थाना प्रभारी रश्मि सोनकर ने कुछ दिन पहले स्टाफ के साथ जबलपुर के रांझी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबिश देकर किशोरी की बड़ी मां को गिरफ्तार किया और में न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसके बाद आगे की जांच बढ़ाते हुए महिला पुलिस ने ग्लैमर स्पा सेंटर की संचालिका को हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार कर उससे कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान इस मामले में चौंकाने वाले रहस्य उजागर हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक कई स्पा सेंटरों के नाम सामने आए हैं। जहां इस तरह के कृत्य होते हैं, जिसको लेकर पुलिस की जांच शुरू हो गई है। पूछताछ के बाद महिला आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### इनका कहना है

इस संबंध पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि देह व्यापार से जुड़े इस मामले की एफआईआर जबलपुर में हुई थी। घटनास्थल कटनी होने के कारण केस डायरी यहां आई और अजाक थाना पुलिस ने मामले की जांच की। बाद में महिला थाना पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया। इस मामले में दो गिरफ्तारियां भी हुई है।

# रिमांड में लेकर बदमाशों से की जा रही

### सराफा कारोबारी से ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सर्राफा कारोबारी से एक लाख दो हजार रुपए की ठगी के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों की कोतवाली पुलिस को 22 जुलाई तक रिमांड मिली है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में ठगी कर खरीदी गई सोने की अंगूठी और चैन भी बरामद कर ली है। आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी राकेश सोनी की शेर चौक स्थित देवा ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान है। 8 अप्रैल 2024 को दुकान में दो युवक सोने की चैन और अंगूठी खरीदने के लिए आए थे। दोनों युवकों ने एक सोने की चैन और एक अंगूठी खरीदी। जिसकी कीमत करीब एक लाख दो हजार रुपए थी।

दोनों ने सोने की चैन और अंगूठी का बिल ऑनलाइन भुगतान किया था। लेकिन दुकान संचालक ने जब अपने बैंक खाते को देखा तो उसमें भुगतान किए गए बिल के रुपए नहीं थे। जिसके बाद दुकान संचालक ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों युवकों ने नर्मदापुरम में भी वारदात को अंजाम दिया है और वहां की पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से 22 जुलाई तक आरोपियों की रिमांड मिली है।

पुलिस ने बताया आरोपियों ने ठगी की वारदात को अंजाम देने के बाद सुरकी डेम के पास रुके थे, जहां पुलिस का वाहन देख कर सोने की चैन और अंगूठी झाड़ियों में छिपा दिए थे। आरोपियों की निशानदेही पर सोने की चैन और अंगूठी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी भिलाई

**नगर निगम, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों को दिये निर्देश**

# मोहर्रम पर समुचित व्यवस्था किये जाने हेतु अपर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मोहर्रम त्यौहार के मुख्य कार्यक्रम ताजिया जुलूस को दृष्टिगत रखते हुए इस्लाम चौक, मौला चौक, सुभाष चौक, पूर्व कमानिया गेट, ईश्वरीपुरा वार्ड, अमीरगंज, श्याम मेडिकल, आजाद चौक, मिशन चौक, गाटर घाट करवला, मदन मोहन चौबे वार्ड एवं सागर रेलवे पुल के पास कर्बला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अपर कलेक्टर ने दिए है। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त दण्डाधिकारी द्वारा इस्लाम चौक, मौला चौक, सुभाष चौक, पूर्व कमानिया गेट, ईश्वरीपुरा वार्ड, अमीरगंज, श्याम मेडिकल, आजाद चौक, मिशन चौक, गाटर घाट करवला, मदन मोहन चौबे वार्ड एवं सागर रेलवे पुल के पास कर्बला के आसपास साफ-सफाई कराई जाकर, जुलूस मार्गों के गड्ढों को भरा जाकर मार्ग सुधार कार्य कराया जाए एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव सहित उक्त स्थानों में पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखे जाए तथा आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को निर्देशित किया है।

अपर कलेक्टर द्वारा मोहर्रम त्यौहार पर ताजिया जुलूस को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत तारों, टेलीफोन तारों को समुचित ऊंचाई पर समय से पूर्व व्यवस्थित करने,किसी भी असुविधा की स्थिति निराकरण हेतु अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी दूरभाष क्रमांक सहित प्रकाशित कराने के निर्देश कार्यपालन यंत्री शहर, ग्रामीण तथा म.प्र. विद्युत विभाग कटनी व कार्यालय प्रमुख बी.एस.एन.एल. विभाग को दिए है।

मोहर्रम के आयोजित कार्यक्रमों में अत्यधिक भीड़ एवं जुलूस में व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त महिला, पुरुष पुलिस बल, अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात की समुचित व्यवस्था, त्यौहार में ताजिया विसर्जन हेतु घाटों में समुचित व्यवस्था करने तथा पुलिस कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, यातायात विभाग एवं आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया है। मोहर्रम पर्व पर आयोजित कार्यक्रम अनुसार चिन्हित स्थानों में चिकित्सक मय दवाईया व स्टाफ सहित पृथक-पृथक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए साथ ही जिला चिकित्सालय में 24 घंटे हेतु चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन निगम को निर्देशित किया गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में पृथक से संबंधित स्थानीय प्रशासन की सहायता से समुचित व्यवस्थाएं करने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सीएमएचओ सिविल सर्जन निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद

### उमरियापान महाविद्यालय में किया पौधारोपण



एक पेड मा के नाम अभियान के तहत जिले भर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है इसी श्रृंखला में मंगलवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे, उपाध्यक्ष एवम सीईओ जनपद पंचायत यजुवेन्द्र कोरी, सहायक परियोजना अधिकारी डॉ अजीत सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में अभियान के तहत ढीमरखेडा तहसील के शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान एवम शांति धाम पेंडाराई में पौधारोपण का कार्य किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया।

# औद्योगिक विषयों पर लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की । बैठक के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी द्वारा यह बताया गया कि सर्वप्रथम संगठन द्वारा निवेश अनुदान राशि को डीबीटी के माध्यम से उद्यमियों के खाते में ट्रांसफर करने के लिए राज्य शासन का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया, एवम देवास में होने वाले 3 दिवसीय आयोजन का आमंत्रण मुख्यमंत्री जी को दिया गया । डॉ यादव ने 6 अगस्त देवास अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन में उपस्थित रहने हेतु अपनी सहमति एवं शुभकामनाएं प्रदान की ।

चर्चा के दौरान संगठन द्वारा अपनी बात रखते हुए यह जानकारी भी दी गयी कि राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं किंतु अभी भी कुछ विषय जिनके कारण प्रदेश के विकास की गति धीमी पड़ रही है इसमें प्रमुख रूप से नगर निगम सीमा के अंतर्गत लगने वाला दोहरा कर, प्रदेश के बाहर से आने वाली राहर पर मंडी टैक्स की छूट, मल्टी स्टोरी क्लस्टर, औद्योगिक क्षेत्र में छोटे प्लॉट हेतु भूमि का आरक्षण, सोलर पर सब्सिडी, औद्योगिक अनुदान राशि को समय पर जारी करना, धारा 304A लागू करना, औद्योगिक विद्युत बिलों में फिक्स चार्ज को कम करना, फायर एनओसी पर लगने वाले अर्थ दंड को स्थगित करना, सिंगल विंडो पॉलिसी जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गई । मुख्यमंत्री द्वारा लघु उद्योग भारती को आश्वासन दिया गया कि प्रदेश सरकार सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की हर परेशानी को दूर करने के लिए वचनबद्ध है एवं जल्द ही लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर संज्ञान में दिए गए संपूर्ण विषयों का निराकरण

**जन शिक्षण संस्थान में किया गया आयोजन**

# बेरोजगारी एवं महंगाई के इस दौर में हर हाथ में कोई न कोई हुनर बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कौशल युवा संवाद बेहतर प्रशिक्षण के लिए एक नायाब प्रयास जन शिक्षण संस्थान कटनी के द्वारा 15 जुलाई 2024 को जन शिक्षण संस्थान परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम में संस्कृति महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह उपस्थित रही। निदेशक लाली सिंह जी के द्वारा मंत्रालय की योजना की विधिवत जानकारी दी गई।

बढ़ती हुई बेरोजगारी एवं महगाई के दौर में हर हाथ में किसी न किसी हुनर का होना बेहद आवश्यक है क्योंकि दिन-प्रतिदिन बढ़ती जरूरतों को पूरा करने हेतु परिवार के प्रत्येक सदस्य का कमाऊ होना जरूरी है नही तो आगे आने वाले समय में हम अपनी और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में अक्षम साबित होंगे। यह



विचार जन शिक्षण संस्थान सभागार में विष्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य पर निदेशक जी द्वारा बताया गया। योजना का उद्देष्य कौशल भारत कार्यक्रम के जुड़ने के अनुभव कार्यक्रमों के संचालन, रोजगार के अवसरों प्रशिक्षण सामग्री प्रशिक्षक की कुशलता आदि के संबंध में सवाल किए गए और बड़ी ही तत्परता से जबाव दिया गया। एवं क्लास रूम ट्रेनिंग, जॉब ट्रेनिंग एवं प्रषिक्षण का जीवन पर प्रभाव से संबंधित प्रश्न को किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार के द्वारा किया गया। इस सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर सिंह, क्षेत्रीय समन्वय अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज एवं अनुदेशक बबीता सिंह, शकुन्तला केशरवानी, प्रीति सिंह, शिवानी केशरवानी एवं आसपास के संचालित केन्दो के प्रशिक्षणार्थियों की भूमिका सराहनीय थी।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूनम राय पति श्री चित्र कुमार राय एवं श्रीमति आरती राय पत्नि श्री गोपित्र कुमार राय निवासी ग्राम सिलौडी तह. ढीमरखेडा जिला कटनी म.प्र. द्वारा आवास फायनेंशियर्स लिमि. की शाखा बरगवां कटनी म.प्र. से ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसके एवज में बतौर प्रतिभूति ऋणग्रहिता द्वारा भूमि खसरा नंबर 667/2 कुल रकवा 2200 बर्गफुट जोकि ग्राम खिरहनी दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नं. 17 कटनी जिला कटनी म.प्र. में स्थित है जिसकी नाप उत्तर से दक्षिण 40 फुट पूरब से पश्चिम 55 फुट तथा चर्तुसीमा उत्तर दिशा में योगेंद्रराम पटेल का मकान, दक्षिण में दुर्गा पति रामप्रसाद त्रिपाठी का मकान पूर्व में कुम्हार की जमीन एवं पश्चिम में 20 फुट रोड है, उक्त संपत्ति बंधक किया जाना है वर्णित भूमि पूनम राय पति श्री चित्र कुमार राय एवं श्रीमति आरती राय पत्नि श्री गोपित्र कुमार राय ने राखी मिश्रा पत्नि श्री रोहित मिश्रा से क्रय की थी जोकि राखी मिश्रा पत्नि श्री रोहित मिश्रा को अपने ससुर श्री रमेश प्रसाद मिश्रा पिता श्री काशी प्रसाद मिश्रा से रजि. वसीयत दिनांक 15.02.2021 के आधार पर श्री रमेश प्रसाद मिश्रा पिता श्री काशी प्रसाद मिश्रा की मृत्योपरांत राखी मिश्रा पत्नि श्री रोहित मिश्रा को प्राप्त हुई थी उक्त सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता, समस्त बेंकिंग व वित्तीय संस्थानो, शासकीय संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपति के संबंध में किसी भी प्रकार का हित स्वत्वाधिकार अथवा दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिवस से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अवगत करावें अवधि उपरांत कोई भी आपत्ति स्वमेव निराधार व अमान्य होगी ।

कटनी
दिनांक-16.07.2024

SHASHIKANT PANDEY
ADVOCATE
District & Session Court, Katni
Office/Resi.
Shiv Nagar Colony, Nadi paar,
Kailwara Road, Katni(MP)
Mob. 9826575886
advshashikantp@gmail.com

### जनसुनवाई में पहुंचे 110 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

# स्कूल के जर्जर भवन व बाउंड्रीवाल की समस्या का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों की कलेक्टर अवि प्रसाद ने समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी और विभागीय अधिकारियों को आवेदन के समय -सीमा में निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 110 आवेदन आये।

जनसुनवाई के दौरान कटनी निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग कमल कुमार धारवानी पिता धर्मेन्द्र धारवानी द्वारा अपनी दिव्यांगता के संबंध मे जानकारी प्रदान करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान जाने हेतु ट्राई साइकिल प्रदान किये जाने के संबंध मे प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई उपरांत कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आवेदक के 80 प्रतिशत



विकलांगता प्रमाण पत्र को दृष्टिगत रखते हुए नियमानुसार ट्राई साइकिल प्रदान करने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग को दिए।

श्रीमती ममता पगारे सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला कैलवारा खुर्द संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड कटनी द्वारा सेवानिवृत्ति के एक वर्ष बाद भी सेवा पुस्तिका मे अंकित अर्जित अवकाश का नकदीकरण नहीं किये जाने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम बरूआ थाना विजयराघवगढ़ निवासी जमुना सिंह राठौर नें आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसकी पुत्री जयश्री राठौर शासकीय मॉडल स्कूल विजयराघवगढ की कक्षा 9वी की छात्रा है तथा परिवार के साथ ग्राम बरूआ में निवास करती है। ग्राम से स्कूल 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर होने के कारण आवागमन मे समस्याओं का सामना करना पडता है। सीट भर जाने के कारण हॉस्टल की सुविधा प्रदान कराये जानें संबंधी समस्या से अवगत होकर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रा को हॉस्टल की सुविधा हेतु नियुमानुसार कार्यवाही करनें के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई के दौरान कटनी नगर के वार्ड क्रमांक 17 के निवासी विष्णु कुमार गोटिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की बीएलसी योजना के तहत नगर निगम कटनी मे जमा किये गए आवेदन पर कार्यवाही नहीं किये जाने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन की सुनवाई करते हुए नगर निगम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। संजय कुमार लुनिया द्वारा शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जनपद पंचायत रीठी के सीईओ, अध्यक्ष एवं सचिव शाला प्रबंधन समिति द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला जमुनिया के जर्जर शाला भवन, बाउन्ड्रीवाल एवं शौचालय की समस्या के निराकरण हेतु जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान राशन दिलाये जाने बावत, बरसात में मकान क्षतिग्रस्त होनें पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करनें, बिना सूचना दिये स्कूल से पोते नाम काटकर टी.सी देनें बाबत, मदन मोहन चौबे वार्ड की खदान के गंदे पानी की समस्या का निराकरण करानें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# प्रमुख चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता ने सभी वार्डों के प्रमुख चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु बजट में प्रावधान किए जाने की मांग की है उन्होंने नगर निगम महापौर, अध्यक्ष और आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है नगर निगम में महिला महापौर और अधिक संख्या में महिला पार्षद है और नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी महिला होने के नाते हम सबका कर्तव्य है कि कटनी नगर निगम में महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष प्रयास किया जाना चाहिए नारी सुरक्षा व बढ़ते अपराधों के रोकथाम के लिए तीसरी आंख के रूप में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है प्रत्येक वार्ड के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के लगने से नारी के खिलाफ होने वाले अपराधों के अलावा नशाखोरी, चोरी, मारपीट जैसी घटनाओं में भी अंकुश लगाया जा सकता है पूर्व की बैठक में भी महिला सुरक्षा पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने महिला महाविद्यालय की बसों को चालू कराने के संबंध में परिषद का ध्यानाकर्षण कराया थाउन्होंने आचार संहिता की आड़ में विलम्ब से प्रस्तुत बजट को लेकर भी नगर निगम की कार्यप्रणाली की निंदा की है क्योंकि वार्ड की जनता सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था के लिए तरस रही है और उनके आक्रोश का सामना जनप्रतिनिधियों को करना पड़ रहा है जबकि नवंबर माह में ही बजट की तैयारी प्रारम्भ कर मार्च तक बजट प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए था जिससे आचार संहिता लगने के पूर्व ही बजट स्वीकृत हो सकता था लेकिन अधिकारियों व सत्तापक्ष की भी विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अभी तक 303 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 303 मि.मी. अर्थात 11.9 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 52.3 मि.मी. अर्थात 2.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 250.7 मि.मी. अर्थात 9.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पथरिया में 410 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 368 मि.मी., हटा 367.4 मि.मी., जबेरा में 157 मि.मी. पथरिया 410 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 119 मि.मी, बटियागढ़ 291 मि.मी. तथा पटेरा में 409 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 8 मि.मी. अर्थात 0.3 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 13 मि.मी., जबेरा में 3 मि.मी., पथरिया में 15 मि.मी., तेन्दूखेड़ा में 22.6 मि.मी. तथा पटेरा में 3 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### डस्टबिन में ही कचरा डाले अन्यथा होगी चालानी कार्यवाही

**दमोह।** नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि चौपाटी में कचरा फेंकने वालों को नगरपालिका कर्मचारियों ने आज कचरा डालते हुए पकड़ा और उन्हें समझाईश दी गई कि अब यहां पर डस्टबिन में ही कचरा डालें अन्यथा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### कुल 264 आवेदन आवेदन आये

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नम्बर 10 में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजनो की समस्याओं के निराकरण सहित अन्य आवेदनों के लिए आयोजित थीम्स बेस्ड जनसुनवाई में समस्याओं को सुना। आज जन सुनवाई की विशेष थीम संबल योजना सहित अन्य विषयों पर जन सुनवाई आयोजित की गई। साथ ही उन्होंने तत्काल कार्यवाही के लिए संबंधितों को दूरभाष पर त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में विशेष थीम संबल योजना के 34 सहित जनसुनवाई में कुल 264 आवेदन आवेदन आये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सहभागिता निभाई।

### राजस्व महाअभियान में राजस्व संबंधी सभी प्रकरण RCMS में दर्ज कराये जायें-कलेक्टर

**दमोह।** राजस्व महाअभियान प्रथम चरण (जनवरी-मार्च 2024) की सफलता को देखते हुए, राज्य शासन के द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने हेतु राजस्व महा-अभियान 2.0 का आयोजन 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों से कहा है इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालायों (**RCMS**) में समय सीमा पर लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को **RCMS** पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, **PMK-ISAN** का सैचुरेशन, समग्र का आधार से **e-KYC** और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन कराना है।

#### हटा थाना क्षेत्र के बिजौरी पाठक ग्राम का मामला

# अपाहिज पिता की शराबी बेटे ने कुल्हाड़ी से की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा थाना अंतर्गत बिजोरी पाठक गांव में बेहद लोमहर्षक घटनाक्रम सामने आया है। एक कलयुगी बेटे ने अपने अपाहिज पिता को कुल्हाड़ी से हमला करके मौत के घाट उतार दिया तथा वारदात को अंजाम देने के बाद अपने बेटा बेटी को लेकर भाग गया। पुलिस घटना की जांच तथा आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।



घटना के संदर्भ बताया जा रहा है कि मंगलवार को बाबूलाल अहिरवार की कुल्हाड़ी मारकर नृशंस हत्या करके कलयुगी पुत्र कमलेश भाग गया। आरोपी के दस साल के बेटे नरेंद्र तथा 8 साल की बेटी राधिका को भी अपने साथ जबरन ले जाने की जानकारी सामने आ रही है। वारदात की जानकारी लगने पर हटा थाना पुलिस के अलावा टीआई व एसडीओपी भी मौके पहुचे। वही एफएसएल टीम के पहुंचने के बाद पंचनामा कार्यवाही करके शव को पोस्टमार्टम के लिए हटा भिजवाया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच और आरोपी की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि कमलेश के शराब पीने के आदी होने की बजह से उसकी पत्नी भी साथ में नहीं रहती थी वही वह रूपयो के लिए आए दिन अपने बुजुर्ग एक हाथ से लाचार पिता को परेशान करता रहता था। बताया जा रहा है कि आज भी पिता से रूपयो की मांग करने आया था। जिस से इनकार करने पर उसने कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमले कर कर पिता की जान ले ली और अपने बच्चों को साथ में लेकर भाग गया। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। बुजुर्ग मां का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। वही पुलिस को आरोपी के जल्द पकड़े जाने की उम्मीद बनी हुई है।



### बेहोशी हालत में झाड़ियों में पड़ी मिली महिला

**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनाथ पिपरिया तिरकारी गांव के समीप झाड़ियों में मंगलवार सुबह एक महिला के पड़े होने की खबर से सनसनी फैलने देर नहीं लगी। महिला के साथ किसी अनहोनी की आशंका के चलते लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो महिला की सांस चलती हुई नजर आई। चेहरे पर पानी मारने पर उसकी बेहोशी दूर हुई और फिर उसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया। महिला झाड़ियां में कैसे पहुंची तथा बेहोश कैसे हुई इसका फिलहाल पता नहीं लग सका है। वही पुलिस महिला के सामान्य होने का इंतजार कर रही है इसके बाद ही उसके बयानों से यह पता लग सकेगा की वह किन हालातो में यहां पहुंची तथा उसके साथ क्या घटना घटी ।

# जबेरा: धान की रोपनी लक्ष्य से 80 प्रतिशत दूर



**बनवार।** जबेरा क्षेत्रमें बारिश के आसार काफी कम नजर आ रहे हैंजिससे किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है. अधिकांश गांव में कम बारिश देखने को मिल रही है। किसान मूसलाधार बारिश को लेकर समान की ओर टकटकी लगाए हैं गया: बिहार के गया में इस वर्ष सुखाड़ के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं. किसान मूसलाधार बारिश नहीं होने से चिंतित है। वहीं जानकारी मुताबिक अब तक अब तक सिर्फ 20 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र में ही धान की रोपनी की जा सकी है. इसमें भी डीजल पंप के सहारे से ही यह संभव हो पाया है. वर्षा की बात की जाए अब तक कम वर्षा इस बार के खरीफ फसल के सीजन में हुई है।

### आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान

आषाढ़ माह इस बार वारिश नही हुई धान की रोपनी पिछड़ती जा रही है . हालांकि आषाढ़ माह पूरा बीतने को है। अब तक 20% ही धान की रोपनी हो सकी है. आषाढ़ बारिश के बगैर बीतने को और किसानों के चेहरे पर शिकन आ गई है। इस बार उनके धान की फसल की रोपनी समय पर होने की उम्मीद टूटने लगी है।हालांकि जबेरा क्षेत्र के गांवों बारिश रुक-रुक कर छिटपुट हो रही है। मूसलाधार बारिश नहीं होने से खेत भारेल नही हो पर रही और धान की रोपनी नहीं हो पा रही है। बम्होरी अंचल की धान का कटोरा कहा जाता लेकिन यहां पर भी इस बार जिले का सबसे बड़ा माला जलाशय में भी इतना पानी नहीं की धान रोपनी के लिए नहरों से छोड़ा जा सके और यहां पर भी धान की रोपनी मात्र 10% हो पाई और 90% मूसलाधार बारिश नहीं होने के कारण रुकी हुईहै हाल में ही एक घंटे के करीब वारिश होने धान की नर्सरी मैं सुख रहे पौधों को जीवन दान जरूर मिल गया है। बारिश नहीं होने से किसान हताश और परेशान दिख रहे हैं। वे आसमान की ओर इशारा करके भी अपना दुख बताते दिख रहे हैं. किसान धन सिंह प्रकाश अमर सिंह नसीम कहते हैं नर्सरी तैयार हैं, लेकिन बारिश का इंतजार है. बारिश नहीं हो रही है. ऐसे में धान की रोपनी संभव नहीं प्रतीत हो रही है. धान की रोपनी नहीं समय से नही होगी तो पैदावार प्रभावित होगी। अब मूसलाधार बारिश नहीं होने से धान की नर्सरी को जीवित रखना मुश्किल हो रहा है उसमें काफी पूंजी फंसी है और अब नुकसान ही नुकसान होना रह गया है.श्बारिश नहीं होती है और ऐसा ही चलाता रहा तो हम किसानों की परेशानी बढ़ जाएगी. और इस स्थिति में यदि अब वारिश भी होती तो धान की रोपनी सावन माह में चली जायेगी और सावन माह के शुरुआती दौर में भी बारिश नहीं होती है तो धान की रोपनी कार्य बहुत पिछड़ जाएगा।

#### एक मौके पर मौत एक जबलपुर रेफर बस फरार

# अज्ञात बस ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा पाटन मार्ग पर पड़ा बाबा के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गई है। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने सहित एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर दोपहर 1 बजे तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दोनी ग्राम के दो युवक बाइक से कुछ काम को लेकर बाइक से जबलपुर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में तेन्दूखेड़ा की और से जबलपुर तरफ जा रही अज्ञात तेज रफ्तार बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गई। वहीं बस की टक्कर से बाइक सवार युवक दूर जा गिरे जहां घायल अवस्था में युवक सड़क पर पड़े रहे जिसके बाद घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा 108 वाहन और डायल 100 को दी गई। जहां मौके पर पहुंची 108 वाहन से घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा लाया गया। जहां से गोलू पिता सुखी अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी दोनी थाना तेन्दूखेड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शीलू पिता लटूरी अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी दोनी थाना तेन्दूखेड़ा का एक हाथ फैक्टर हो गया है और शरीर में अंदरुनी चोटें आने पर इलाज के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही मृतक और घायल के परिजन अस्पताल पहुंचे वही तेन्दूखेड़ा पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच की जा रही है वहीं अज्ञात बस की खोजबीन शुरू कर दी गई है। हादसे में घायल हुए शीलू अहिरवार ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के साथ कुछ काम को लेकर जबलपुर जा रहे थे लेकिन रास्ते में अज्ञात बस ने पीछे से हम लोगों को टक्कर मार दी जहां बस की टक्कर से हम लोग दूर जा गिरे तेन्दूखेड़ा पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

#### हल्की बारिश में बंद हो जाता है आवागमन....

# कम ऊंचाई वाले पुल बारिश में बनेंगे ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जंप के बनवार अंचल के नदी-नालों पर बने छोटे पुल पुलिया बारिश में फिर लोगों की परीक्षा लेंगीं। समस्या को दूर करने कई बार अधिकारी, जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है, इससे जिम्मेदारों के साथ सिस्टम के प्रति आक्रोश देखने मिल रहा है। दरअसल क्षेत्र में दर्जनों गांव में नदी, नालों पर पुल की जगह छोटी पुलिया बना दी गई है, जिसकी ऊंचाई सड़क से भी कम है। ऊंचाई कम होने से चार महीने तक थोड़ी बारिश से होने पर भी पुलिया के ऊपर पानी आ जाता है और रास्ता बंद हो जाता है। इस समस्या से लोग लंबे समय से जूझ रहे हैं, लेकिन निराकरण नहीं होने से वारिश के महीने से उनको परेशानी उठाना पड़ेगी। इन पुलिया से दर्जनों गांव के लोग आते-जाते हैं।





### लखनी गांव मुख्य सड़क जोड़ने वाला मार्ग

बारिश में टापू बन जाते हैं गांव मोसिपुरा छपरबाहा लखानी हिनौती ऐसे गांव है जो चारों तरफ से नदी नालों से घिरे हुए हैं इन गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए रोड पर जो पुलिया है वह महज तीन से फीट की है। पानी गिरते ही गांव का रोड से संपर्क टूट जाता है। इस पुल नीचे होने से नीचे होने हल्की बारिश में बाढ़ ग्रस्त होने पर टापू बन जाते है ऊंचे पुल निर्माण कराने की मांग अनिल को बरसों से ग्रामीण कर रहे हैं लेकिन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा हैं। बनवार घटेरा मार्ग पर स्तिथ मनगुवा नाला पुल की ऊंचाई बढ़ाने की ग्रामीण वर्षों से कर रहे है। क्षेत्र का सबसे अहम बनवार घटेरा मार्ग पर स्थित मनगुवा नाला पर बना पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग मुद्दतों से ग्रामीण करते चले आ रहे हैं लेकिन फूलों की ऊंचाई नहीं बढ़ने की वजह से हल्की बारिश में यह मार्ग बंद हो जाता है। जबकि देश दुनिया से जोड़ने के लिए जबेरा जनपद का एक मात्र ऐसा मार्ग जो घटेरा रेलवे स्टेशन से जोड़ता है ।

### रोड़ सगोनो मार्ग

रोड़ सगोनी जाने वाले मार्ग पर भी स्थित पड़री नाला पुलिया की ऊंचाई महज तीन-चार फीट है। इस पुलिया पर बारिश का मौसम शुरू होते ही आए दिन पानी आ जाता है। कई बार पुलिया पर पानी होने के दौरान स्कूली बच्चे मरीज जान जोखिम में डालकर निकलते है इमरजेंसी सेवा 108 जननी एक्सप्रेस दर्जनों गांवों तक नहीं पहुंचेपाती है हैं, यहां पर बड़ा पुल बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन उसपर अभी तक अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। जबकि मार्ग क्षेत्र वीडियो के लिए कटनी जिला से जोड़ने का सबसे कम दूरी का मार्ग है वहीं दर्जनों गांव के लोगों सगोनी रेलवे स्टेशन से जोड़ता है।

### सेतु निर्माण होने के बाद भी पुलिया बनी मुसीबत

बनवार बम्होरी अंचल के प्रमुख मार्गों पर स्तिथ धुनगी,नाला और शून्य नदी पर महादेव घाट व्यारमा नदी बनवार बड़े घाट पर सेतु निर्माण के बाद क्षेत्र कि लोगों को उम्मीद जगी थी बारिश में है मार्ग कभी बंद नहीं होंगे लेकिन लिंक रोड पर बने नीचे पुल पुलिया की वजह से सेतु निर्माण के बावजूद यह स्थिति बारिश के समय बन जाती है नीचे बने पुल पुलिया बारिश में बाढ़ग्रस्त होने की वजह से मार्ग से आवागमन अवरुद्ध कर देते हैं जैसे की लखनी मार्ग पर धुनगी नाला छापरवाहा का नाला सहित बनवार बड़े घाट सेतु को जोड़ने वाली बरसाती पुलिया पर सड़क लेवल से भी कम ऊंचाई की पुलिया हल्की बारिश में बाढ़ ग्रस्त हो जाती और सेतु निर्माण के बाद भी बारिश में मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं।

## हनुमान जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**गैसाबाद ।** पवित्र आषाढ़ महीना के अंतिम मंगलवार के शुभ मुहूर्त पर,गैसाबाद थाना परिसर के नवनिर्मित मंदिर में श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान पूर्वक की गई जिसके मुख्य यजमान सिमरिया थाना टीआई श्री संदीप दीक्षित एवं गैसाबाद थाना प्रभारी विक्रांत चौहान रहे, ग्रामीण जनों की विशेष उपस्थिति मे बड़े धूमधाम से वैदिक मंत्र के उच्चारण से मंदिर में वीर बजरंगबली जी की प्रतिमा स्थापित की गई, इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी रखा गया, जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रभु का महाप्रसाद ग्रहण किया, गौरतलब है कि आज से 4 वर्ष पूर्व ग्राम के थाना में पदस्थ रहे तत्कालीन थाना प्रभारी एवं वर्तमान में ग्राम सिमरिया थाना जिला पन्ना मे पदस्थ टीआई श्री संदीप दीक्षित जी ने इस मंदिर की आधारशिला रखी थी और संकल्प लिया था कि थाना परिसर में मंदिर का निर्माण कर वीर बजरंगबली जी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी और आज दीक्षित जी का संकल्प जन सहयोग से पूर्ण हो गया, इस धार्मिक आयोजन में सिमरिया टीआई संदीप दीक्षित गैसावाद थाना प्रभारी विक्रांत चौहान कांस्टेबल उमेश सिंह ठाकुर, भूपेंद्र पटेल, एवं समस्त पुलिस स्टाफ के साथ ग्रामीण जन एवं आसपास से आये क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही।

## तथ्य की भूल क्षम्य किंतु विधि की भूल अक्षम्य-मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट


**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव धर्मेश भट्ट के मार्गदर्शन में पी.जी. कॉलेज दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामसिंह बघेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य पी.के. जैन सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामसिंह बघेल ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि तथ्य की भूल क्षम्य की जा सकती है किन्तु विधि की भूल अक्षम्य है, इस कारण विधि का ज्ञान हर नागरिक को होना आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वाणिज्यिक यौन शोषण विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि महिलाओं को शादी का लालच देकर बेच दिया जाता है जिससे उसका यौन शोषण होता है इन सब स्थितियों से निपटने के लिये कुछ भी निर्णय सोच-समझकर लें, किसी पर आसानी से भरोसा न करें, सजग एवं सतर्क रहें और यदि कोई आपराधिक घटना घटित होती है तो अपराधी के विरूद्ध कार्यवाही अवश्य करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित भी किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने छात्राओं को साईबर क्राईम विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि आजकल मोबाईल एवं इंटरनेट का उपयोग सारे बच्चे करते हैं, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि का उपयोग सजग रहकर करें। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राध्यापक अनिल यादव एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य पी.के. जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया साथ ही सभी को अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया।

#### अब नवंबर से शुरू होंगे विवाह कार्यक्रम....

# देवशयनी एकादशी : चार माह बंद रहेंगे शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बुधवार 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यक्रम बंद हो जाएंगे। इसके बाद शादी- विवाह के लिए लोगों को चार माह तक इंतजार करना पड़ेगा। सनातन परंपरा के अनुसार इन चार माह को चातुमार्स के नाम भी जाना जाता है और इस दौरान शंकराचार्य , महामंडलेश्वर, साधु ,संत महात्मा भी एक ही स्थान पर रूक कर भगवान की भक्ति में रम जाते है।
आज देवशयनी एकादशी का पर्व




मनाया जाएगा। कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु विश्राम के लिए झीर सागर चले जाते है। भगवान विष्णु के विश्राम में जाने पर मान्यता के अनुसार हिंदु समाज में मांगलिक कार्यक्रम खास तौर पर शादी-विवाह आदि पूरी तरीके से बंद होते है। पंडित जयराम चतुर्वेदी बताते है कि इस एकादशी का विशेष महत्व होता है। नवंबर माह की 23 तारीख को देव उठनी एकादशी के बाद से ही शुभ काम शुरू हो जाएंगी। पंडित बलराम शास्त्री छुल्ला वाले बताते है कि देव उठनी एकादशी के ठीक अगले दिन 24 नवंबर को तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा। इस अबूझ मुहुर्त से विवाह संस्कार शुरू हो जाएगे। ऐसे में अब चार माह शहनाई की गूंज थमी रहेगी। वहीं चैत्र नवरात्र से एक बार फिर से लोग वैवाहिक तैयारियां शुरू कर देंगे।

### मांगलिक कार्यों से परहेज

पंडित बलराम शास्त्री बताते है कि इन चार माह में लोग गांगलिक कार्यों से परहेज करते है। खास कर शादी विवाह तो बिलकुल भी नहीं होते है। लेकिन इन माह में पड़ने वाले श्रवण मास के साथ ही चैत्र नवरात्र में विवाह से जुड़े दूसरे संस्कार किए जा सकते है।


**OFFICE OF NAGAR PALIKA PARISHAD,HATTA DIST DAMOH**

**NIT No. 430** **Notice Inviting e-Tenders** **HATTA, Dated: 16-07-2024**

Online **PERCENTANGE RATE TENDER** bid for the following **AMRUT 2.0** works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| Tender ID | Name of the work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Bid Document | Time of Completion including rainy season |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 2024_UAD_358068_1 | REJUVENATION OF RIVER UNDER AMRUT 2.0 SCHEME AT HATTA | Rs. 80.22 Lacs | Rs. 60165.00 | Rs. 10000.00 | 09 months |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in 2.The Bid Document can be purchased only Online from 17:30 Hrs. of 16-07-2024 to 17:30 Hrs of 17-08-2024 3.Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper. 4. GST shall be paid separately as per norms.

**CMO**

**NAGAR PALIKA PARISHAD HATTA DISTT DAMOH**